# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद् सत्र 2022-23

# प्री बोर्ड परीक्षा -2023

## कक्षा 10 (विषय- हिन्दी)

**समय : 3.15 घण्टे** **पूर्णांक : 70**

**नोट- सभी प्रश्न अनिवार्य हैं तथा सभी प्रश्नों के अंक उनके सामने अंकित हैं।**

**1. भारतेन्दु युग के प्रणेता कौन हैं -**

(1) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(2) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(3) रामचन्द्र शुक्ल

(4) प्रेमचन्द

**2. नहुष नाटक के रचनाकार हैं-**

(1) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(2) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(3) गिरधर गोपाल दास

(4) प्रेमचन्द

**3. 'सरस्वती' पत्रिका के प्रसिद्ध सम्पादक हैं-**

(1) जयशंकर प्रसाद

(2) महावीर प्रसाद द्विवेदी

(3) मोहन राकेश

(4) मुंशी प्रेमचन्द

**4. आदि काल के कवि नहीं हैं-**

(1) नरपति नाल्ह

(2) सूरदास

(3) चन्द्रवरदाई

(4) जगनिक

**5. भक्ति काल के कवि हैं-**

(1) केशवदास

(2) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(3) सूरदास

(4) भूषण

**6. भक्ति काल की रचना है-**

(1) सूरसारावली

(2) रामचन्द्रिका

(3) पृथ्वीराज रासो

(4) कामायनी

**7. बीजक के रचनाकार हैं-**

(1) तुलसीदास

(2) सूरदास

(3) कबीरदास

(4) मलूक दास

**8. आदिकाल की समय सीमा क्या है-**

(1) 1050ई. से 1375

(2) 1350ई. से 1700

(3) 1700 ई. से 1900

(4) 1900 ई. से अब तक

**9.** हिन्दी साहित्य का स्वर्णकाल कहा जाता है-

(1) आदिकाल

(2) भक्तिकाल

(3) रीतिकाल

(4) आधुनिक काल

**10.** साकेत के रचनाकार है-

(1) मैथिलीशरण गुप्त

(2) सुमित्रानन्दन पंत

(3) जयशंकर प्रसाद

(4) हरिऔध जी

**11.** रस के कितने भेद होते हैं-

(1) चार

(2) पांच

(3) छः

(4) ग्यारहः

**12.** सूर्य का पर्यायवाची नहीं है-

(1) अर्क

(2) प्रभाकर

(3) दिवाकर

(4) निशाकर

चन्द्रमा

**13.** 'हिमालय' में सन्धि है-

(1) गुण

(2) यण

(3) वृद्धि

(4) दीर्घ

14. 'आँख का तारा होना' का अर्थ है-

(1) बहुत प्यारा होना

(2) तारा प्यारा होता है

(3) नाक सीधी करना

(4) उपर्युक्त सभी

15. 'गुरुवे' शब्द में कौन सी विभक्ति एवं वचन है-

(1) द्वितीया एकवचन

(2) तृतीया एकवचन

(3) चतुर्थी एकवचन

(4) पंचमी एकवचन

16. 'गच्छति' शब्द में कौन सा लकार एवं पुरुष है-

(1) लट्लकार प्रथम पुरुष

(2) लोट्लकार प्रथम पुरुष

(3) लृट्लकार प्रथम पुरुष

(4) लंग्लकार प्रथम पुरुष

17. सोरठा छन्द में कितने चरण होते हैं-

(1) एक

(2) दो

(3) चार

(4) छः

18. अलंकार के कितने भेद हैं-

(1) एक

(2) दो

(3) चार

(4) तीन

**19. हरिहरौ में कौन सा समास है-**

(1) द्वन्द्व समास

(2) द्विगु समास

(3) तत्पुरुष समास

(4) कर्मधारय समास

**20. महा + ईश में सन्धि है-**

(1) गुण

(2) यण

(3) वृद्धि

(4) दीर्घ

**21. निम्नलिखित गद्यांशों में से किसी एक के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-**

('क) हम लोग कच्ची मिट्टी की मूर्ति के समान रहते हैं जिसे जो जिस रूप का चाहे उस रूप का करे, चाहे राक्षस बनावे, चाहे देवता। ऐसे लोगों का साथ करना हमारे लिए बुरा है जो हमसे अधिक दृढ संकल्प के हैं, क्योंकि हमें उनकी हर एक बात बिना विरोध के मान लेनी पड़ती है। पर ऐसे लोगों का साथ करना और वुरा है जो हमारी ही बात को ऊपर रखते हैं, क्योंकि ऐसी दशा में न तो हमारे ऊपर कोई दबाव रहता है और न तो हमारे ऊपर कोई सहारा रहता है।

(1) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(2) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(3) किस प्रकार के लोगों का साथ करना बुरा है?

(ख) अजंता संसार की चित्रकलाओं में अपना अद्वितीय स्थान रखता है। इतने प्राचीन काल में इतने सजीव, इतने गतिमान इतने बहुसंख्यक कथा- प्राण चित्र कहीं नहीं बने।

अजंता के चित्रों ने देश-विदेश, सर्वत्र की चित्रकला को प्रभावित किया। उसका प्रभाव पूर्व के देशों की चित्रकला पर तो पड़ा ही, मध्य पश्चिमी एशिया भी उसके कलाकार- प्रभाव से वंचित न रहा ।

(1) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(2) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(3) अजंता की चित्रकला का बाहर के देशों पर क्या प्रभाव पड़ा

22. निम्नलिखित पद्यांशों में से किसी एक के नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(क) चरन कमल बंदौ हरि राई ।
जाकी कृपा पंगु गिरि लधै, अन्धे को सब कुछ दरसाइ ।
बहिरौ सुनै, गूँगि पुनि बोलै, रंक चलै सिर छत्र धराई ।
सूरदास स्वामी करुनामय, वार-बार वंद तिहिं पाई |

(1) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(2) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए ।

(3) किसकी कृपा से लंगड़ा पर्वत लांघने और अंधा लगता है? सब कुछ देखने लगता है?

(ख) जप, माला, छापा, तिलक, सरै न एकौ कामु ।
मन-काँचे नाचे वृथा, साँचे राँचे राम ।।

(1) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए ।

(2) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(3) जप, माला, छापा, तिलक का क्या तात्पर्य है?

23. (क) निम्नलिखित में से किसी एक लेखक का संक्षिप्त जीवन परिचय एवं रचनाएँ लिखिए-

(1) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(2) जयशंकर प्रसाद

(3) राजेन्द्र प्रसाद

(ख) निम्नलिखित में से किसी एक कवि का संक्षिप्त जीवन परिचय एवं रचनाएँ लिखिए-

(1) सूरदास

(2) तुलसीदास

(3) महादेवी वर्मा

24. निम्नलिखित गद्यांश एवं पद्यांश का सन्दर्भ सहित हिन्दी में अनुवाद कीजिए-

(क) एषा नगरी भारतीयसंस्कृतेः संस्कृतभाषायाश्च केन्द्रस्थलम् अस्ति। इत एवं संस्कृतवांग्मयस्य संस्कृतेश्च आलोकः सर्वत्र प्रसृतः मुगलयुवराजः दाराशिकोहः अत्रागत्य भारतीय दर्शन शास्त्राणाम् अध्ययनम् अकरोत् ।

(ख) सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयः ।
सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःखभाग् भवेत् ।।

25. (क) अपनी पाठ्य-पुस्तक से कोई एक श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न पत्र में आया हो।

(ख) निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में लिखिए -

(1) वाराणी कस्याः भाषायाः केन्द्रम् अस्ति ?

(2) वैदेशिकाः किमर्थ वाराणसीम् आगच्छन्ति ?

(3) अलक्षेन्द्रः कः आसीत् ?

26. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए-

(क) मेरी प्रिय पुस्तक

(ख) जीवन में एकता का महत्व

(ग) स्वच्छ भारत अभियान

(घ) स्मार्टफोन से लाभ और हानि

**27. अपने पठित खण्डकाव्य के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक प्रश्न का उत्तर लिखिए-**

**(क) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य की कथावस्तु संक्षेप में लिखिए।**

**(ख) 'ज्योति जवाहर' खण्डकाव्य के आधार पर पं0 जवाहर लाल नेहरु का चरित्र चित्रण कीजिए।**